एक नजर में

ट्रैक्टर पर गिरी क्रेन, काम कर रहे चालक की मौत

शाजापुर। मोहन बड़ोदिया तहसील के ग्राम कुम्हारिया खास में मंगलवार दोपहर दर्दनाक हादसा हो गया, जब नर्मदा पाइप लाइन के काम में लगी एक क्रेन असंतुलित होकर ट्रेक्टर पर गिर गई, जिसकी चपेट में आने से ट्रेक्टर चालक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मंगलवार दोपहर करीब 3 बजे राजगढ़ जिले के देहरी बामन पचोर निवासी 22 वर्षीय हरिओम पिता बनेसिंह धाकड़ कुम्हारिया खास में पाइपलाइन कार्य स्थल पर ट्रैक्टर चला रहा था। वहां क्रेन से भी पाइप भेजने का काम किया जा रहा था। उसी समय क्रेन असंतुलित होकर ट्रैक्टर पर गिर गई। क्रेन गिरने से चालक हरिओम उसकी चपेट में आ गया जिसने उसी समय दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही मोहन बड़ोदिया थाना पुलिस और डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। जिन्होंने जेसीबी बुलवाकर क्रेन को हटाया और शव को बाहर निकालकर उसे मोहन बड़ोदिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी पहुंचाया। पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण क्रेन का संतुलन बिगड़ना बताया जा रहा है।

क्रेन से पहुंचाए जा रहे थे पाइप

ग्राम कुमारिया खास में पाइपलाइन स्थल बनाया गया है। जहां नर्मदा नदी की पाइपलाइन में उपयोग होने वाले पाइपों को आसपास के क्षेत्रों में पहुंचाया जाता है। मंगलवार को भी क्रेन के माध्यम से पाइप पहुंचाने का काम किया जा रहा था। ऐसे में क्रेन का संतुलन बिगड़ा और ट्रैक्टर चालक उसकी चपेट में आ गया।

बी-पैक्स सदस्यता महाअभियान शुरू

शाजापुर। मध्यप्रदेश में किसानों को सहकारी व्यवस्था से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से बी-पैक्स सदस्यता महाअभियान की शुरुआत की गई है। 14 अप्रैल से 15 मई 2026 तक चलने वाले इस अभियान का मुख्य लक्ष्य अधिक से अधिक किसानों को सहकारी संस्थाओं से जोड़ना और उन्हें शून्य प्रतिशत ब्याज पर ऋण सहित विभिन्न सुविधाओं का लाभ प्रदान करना है। सहकार से समृद्धि के नारे के साथ प्रारंभ हुए इस अभियान के तहत किसानों को उनकी स्थानीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति पैक्स की सदस्यता लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। सदस्य बनने वाले किसानों को अल्पकालीन फसल ऋण शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे उन्हें खेती के लिए सस्ती और सुलभ वित्तीय सहायता मिल सके। अभियान के अंतर्गत किसान ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से भी आवेदन कर सकते हैं। वहीं वे अपनी नजदीकी पैक्स समिति में जाकर भी सदस्यता ले सकते हैं। शाजापुर जिले में इस सदस्यता महाअभियान की शुरुआत सेवा सहकारी संस्था पोलायकलां से की गई। अध्यक्षता नगर परिषद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि कैलाश नारायण मंडलोई ने की। मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त शाजापुर ओपी गुप्ता, कोमल डाहके सीईओ, अतुल राय उपयंत्री विशेष रूप से उपस्थित रहे। वहीं कार्यक्रम में पोलायकलां संस्था प्रबंधक रामसिंह वर्मा, अवंतिपुर बड़ोदिया शाखा प्रबंधक प्रहलाद सिंह दासेरिया सहित अन्य कर्मचारी एवं किसान मौजूद रहे।

30 नवयुगलों ने लिए सात फेरे, गुजराती सेन समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन

शाजापुर। गुजराती सेन समाज का 10वां सामूहिक विवाह सम्मेलन मंगलवार को संपन्न हुआ, जहां 30 नवयुगलों ने अपने एक दूसरे का हाथ थामकर नवजीवन की शुरुआत की। सम्मेलन में पहुंचे विधायक अरुण भीमावद ने भी सभी जोड़ों को सुखी जीवन का आशीर्वाद दिया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज के लोगों पर विवाह का आर्थिक बोझ कम करना था। वहीं सम्मेलन में आए मेहमानों का 10 हजार रुद्राक्ष भी वितरित किए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाजजन, समाजसेवी और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। शाजापुर भाजपा विधायक अरुण भीमावद भी कार्यक्रम में पहुंचे। उन्होंने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विधायक ने समाज के लिए धर्मशाला निर्माण में सहयोग की घोषणा की। सम्मेलन में समाज की ओर से नवविवाहित जोड़ों को उपयोगी घरेलू सामग्री उपहार स्वरूप भेंट की गई, इसके अलावा 10 हजार रुद्राक्ष भी वितरित किए गए।

शाजापुर में पारा 40 डिग्री, इस सीजन का सबसे गर्म दिन रहा मंगलवार

शाजापुर। अप्रैल माह आधा बीतने के बाद अब गर्मी का एहसास होने लगा है। दिन के साथ साथ रात में भी गर्मी से लोगों के पसीने छूटने लगे हैं। सोमवार के बाद मंगलवार को भी तापमान में उछाल दर्ज किया गया और इस दिन तापमान 40 डिग्री से अधिक पहुंच गया। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में इससे भी अधिक तापमान पहुंचने की संभावना जताई है। वैसे हर वर्ष मार्च माह में ही गर्मी की शुरुआत हो जाती है और अप्रैल आते आते लोगों का गर्मी से बुरा हाल होने लगता है, लेकिन इस वर्ष पश्चिमी विक्षोभ के चलते नगर में कभी बारिश तो कभी ठंडी हवाओं ने अपना डेरा बना लिया था, जिसके कारण गर्मी का एहसास न के बराबर हो रहा था। पश्चिमी विक्षोभ का दौर थमते ही अब गर्मी का असर शुरू हो चुका हैए जिसके कारण तापमान में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है। एक दिन पहले तापमान 39।3 डिग्री था जो मंगलवार को बढ़कर 40 से अधिक पहुंच गया। जिसके कारण मंगलवार का दिन इस सीजन का सबसे गर्म दिनर रहा। मौसम विशेषज्ञ सत्येंद्र धनोतिया ने बताया कि अब तापमान में लगातार बढ़ोत्तरी होगी। संभावना है कि बुधवार को नगर का तापमान 42 व रात का 22 डिग्री तक पहुंच सकता है।

दोपहर में पसरने लगा सन्नाटा, कूलर बने सहारा

गर्मी का असर नगर के बाजारों में भी देखने को मिल रहा है, दोपहर में गर्मी के असर को देखते हुए लोग घरों से निकलने में भी परहेज करने लगे हैं। शाम को धूप कम होने के बाद ही लोग घरों से निकल पा रहे हैं, तब तक लोगों को कूलर व एसी के सहारे ही समय गुजारना पड़ रहा है।

शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो...

संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर किए कई आयोजन

शाजापुर। भारत रत्न, संविधान निर्माता डॉ। भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में मंगलवार को जिला मुख्यालय स्थित गांधी हॉल में जिला स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ। भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलित एवं कन्या पूजन कर किया गया।

विधायक अरुण भीमावद ने भारत रत्न संविधान निर्माता डॉ। भीमराव अंबेडकर की जयंती की सभी को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि डॉ। अम्बेडकर द्वारा विश्व का सबसे बड़ा संविधान भारत का संविधान लिखा है, जिसमें उन्होंने शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो का उल्लेख किया है, जिसको हम सभी को आत्मसात कर आगे बढ़ना होगा। उन्होंने संविधान में सौंपे गए कर्तव्यों का पालन करते हुए देश के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने एवं सभी को सामाजिक समरसता के साथ रहने के लिए कहा। विधायक भीमावद ने कहा कि भारत सरकार एवं मध्यप्रदेश सरकार द्वारा डॉ। भीमराव अम्बेडकर के सपनों का भारत बनाने का कार्य किया जा रहा है, जिसके तहत महिलाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर 16 अप्रैल से देश की संसद में 3 दिवसीय विशेष सत्र में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के पूर्ण क्रियान्वयन को लेकर ऐतिहासिक चर्चा आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि महिलाओं को स्वसहायता समूहों के माध्यम से स्वरोजगार उपलब्ध कराकर उन्हें लखपति दीदी बनाया जा रहा है। साथ ही साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का भी कार्य सरकार द्वारा किया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, विकसित भारत 2047 आदि के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम को कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना, जिला पेंशन अधिकारी जीएल गुवाटिया एवं कैलाश सूर्यवंशी ने भी संबोधित किया।

विधायक द्वारा उपस्थितजनों को भारत का संविधान उद्देशिका का वाचन भी कराया गया। इस दौरान विधायक, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक एवं उपस्थित अतिथियों ने नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा अंतर्गत नारी पद यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत, आशीष नागर, विकास सिंदल आदि उपस्थित थे। संचालन शिक्षिका रेखा पुरोहित व गौरव सोनी ने किया। आभार जिला पंचायत सीईओ चौहान ने माना।

उत्कृष्ट कार्य के लिए कामिनी शर्मा सम्मानित...

समारोह में विधायक अरुण भीमावद एवं उपस्थित अतिथियों द्वारा नारी शक्ति सम्मान समारोह के तहत विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। महिला जागरुकता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर मोहन बड़ोदिया निवासी परामर्शदाता श्रीमती कामिनी शर्मा को नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा 2026 अंतर्गत प्रमाण-पत्र एवं शील्ड भेंट कर सम्मानित किया गया।

बाबा साहेब ने समानता, न्याय और मानव गरिमा के मार्ग पर बढ़ने की दी प्रेरणा

डॉ. अम्बेडकर जयंती पर भाजपा नगर मंडल और कांग्रेस ने किए विभिन्न आयोजन

शुजालपुर। बाबा साहब न केवल संविधान निर्माता थे, बल्कि वे सामाजिक न्याय, समानता, शिक्षा और मानवाधिकारों के लिए आजीवन संघर्ष करने वाले महान चिंतक भी थे। उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उक्त उद्गार संविधान निर्माता, समाज सुधारक और भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर भाजपा नगर मंडल द्वारा अम्बेडकर पार्क में आयोजित कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री इंदर सिंह परमार ने मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए।

आपने कहा कि बाबा साहब के विचार थे कि शिक्षित बनों संगठित रहों और संघर्ष करों, उनके विचार हमें समानता, न्याय और मानव गरिमा के मार्ग पर निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। सिटी स्थित अम्बेडकर पार्क में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व जनप्रतिनिधि सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। बाबा साहेब की जयंती अवसर पर सिविल अस्पताल शुजालपुर मंडी में मरीजों को फल वितरण का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अर्पित की पुष्पांजलि

शुजालपुर सिटी स्थित अंबेडकर पार्क में मंगलवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर बाबा साहब की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। ब्लॉक कांग्रेस के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम प्रात:9 बजे प्रारंभ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं नागरिक शामिल हुए। कार्यक्रम में उपस्थितजनों ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने उनके जीवन और योगदान को याद करते हुए कहा कि बाबा साहब भारतीय संविधान के मुख्य वास्तुकार, महान समाज सुधारक एवं वंचित वर्गों के अधिकारों के प्रबल समर्थक थे। उन्होंने समाज में समानता, न्याय और बंधुत्व की स्थापना के लिए आजीवन संघर्ष किया। कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष मंगल सिंह राठौड़, प्रदेश सचिव गजेन्द्र सिसोदिया, प्रदेश सह सचिव रचना जैन, पूर्व पार्षद मनोहर जाटव, शहर अध्यक्ष रईस पठान, सोशल मीडिया प्रदेश महासचिव विष्णु शर्मा, मोहन धनगर सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता एवं सामाजिकजन उपस्थित रहे।

प्रतिभाओं को किया सम्मानित...

डॉ. अम्बेडकर की 135वी जयंती अवसर पर फ्रीगंज स्थित मालवीय धर्मशाला में कैबिनेट मंत्री इंदरसिंह परमार के मुख्य आतिथ्य में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें जनप्रतिनिधि व प्रबुद्धजन उपस्थित था। इस समारोह के पूर्व रेलवे स्टेशन के समीप से मालवीय धर्मशाला समिति सदस्यों ने चल समारोह निकाला, जिसमें बाबा साहेब अमर रहे के नारे गूंजे। मालवीय धर्मशाला में समाज के प्रतिभावान बच्चों का सम्मान अतिथि ने किया। इस दौरान मंत्री परमार ने मालवीय समाज धर्मशाला में बाबा साहेब एवं अन्य महापुरूषों के जीवन चरित्र को समझने के लिए पुस्तकालय बनाने के निर्णय की सरहाना करते हुए सामाजिक समरसता एवं बंधुत्व की बात कही।

उकावता पेट्रोल पंप के पास मिला युवक का शव

शाजापुर। उकावता स्थित पेट्रोल पंप के पास सोमवार देर रात एक युवक घायल अवस्था में सड़क किनारे मिला। उसे तत्काल शाजापुर जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना डायल 112 पर मिलने के बाद पायलट सुरेश और आरक्षक बृजमोहन यादव मौके पर पहुंचे थे। मृतक की पहचान राजगढ़ जिले के ब्यावरा स्थित शाहिद कॉलोनी निवासी गौरव पिता गिरधारी शर्मा के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार गौरव अपने घर से गुजरात जाने के लिए निकला था। घटनास्थल के आसपास मौजूद लोगों ने बताया कि युवक पैदल चलते हुए मोबाइल पर बात कर रहा था। कुछ देर बाद वह घायल अवस्था में सड़क पर पड़ा मिला। पुलिस ने आशंका जताई है कि किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से यह हादसा हुआ है। परिजनों के मुताबिक युवक को घर से बस में बैठाकर भेजा गया था। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ट्रेन से गिरकर राजगढ़ निवासी की मौत

शाजापुर। जिले के सुनेरा थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह करीब 9 बजे रेलवे पटरी के पास एक व्यक्ति का शव मिला, इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

यह घटना ग्राम सुनेरा के पास रेलवे पोल नंबर 1271/5 और 1271/6 के बीच हुई। बताया जाता है कि ट्रेन से गिरने से यह हादसा हुआ है। सुनेरा थाना प्रभारी अंकित मुकाती पुलिस बल के साथ तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस जांच में मृतक की पहचान मुकेश पिता प्रभुलाल के रूप में हुई है। मुकेश राजगढ़ जिले के ग्राम सूरजखेड़ी का निवासी था। बताया जा रहा है कि मुकेश किसी ट्रेन से यात्रा कर रहा थाए तभी वह गिर गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने मर्ग कायम का मामला जांच में लिया है।

कबीर फाउंडेशन ने मनाई बाबा साहब की 135वीं जयंती

रक्तदान शिविर का किया आयोजन, मरीजों को बांटे फल

शाजापुर। यूथ ऑफ बलाई समाज कबीर फाउंडेशन द्वारा मंगलवार को भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर 135वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर डॉ.भीमराव अंबेडकर जिला चिकित्सालय ट्रामा सेंटर में मरीजों को फल वितरण एवं रक्तदान किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक अरूण भीमावद ने कहा कि हम सबको मिलकर बाबा साहब के पदचिन्हों पर चलते हुवे एक समरस समाज का निर्माण करना है और जाति बंधन मुक्त एकरूप समाज बनाना है।

उन्होंने कबीर फाउंडेशन के कार्यो की सराहना करते हुए कहा कि संगठन समरसता के क्षेत्र में बहुत ही अच्छा कार्य कर रहा हैं। इनके द्वारा समाज मे शिक्षा को लेकर व्यापक जनजागरण का कार्य किया जा रहा है जो प्रशंसनीय है। दिलीपसिंह बामनिया ने कहा कि समाज मे नशा एक बहुत बड़ी समस्या बन चुका है। इससे हम सबको मिलकर निपटना है। आज हम सब नशा मुक्त समाज का संकल्प लें, इस अवसर पर अस्पताल में भर्ती मरीजों को समिति के द्वारा फ्ल वितरण किया गया। इसके बाद जिला ब्लड बैंक अधिकारी डॉ.एसडी जायसवाल के नेतृत्व में उनकी टीम द्वारा लेब टेक्निशियन देवेंद्र बैरागी के द्वारा रक्तदान करवाया गया। जिसमें संस्था के पदाधिकारी अनिल मालवीय, महेश परमार, रामबाबू मोबिया आदि ने रक्तदान किया। कार्यक्रम में सर्व हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष पं. आशीष नागर, भाजपा नगर महामंत्री विकास सिंदल, जिला कोषालय अधिकारी जीएल गुवाटिया, जिला क्रीड़ा अधिकारी बाबूलाल गोयल, अनिल मालवीय, एमएम सोनी, दिगदर्शन सोनी, रामचंद्र चौहान, टीआर सिसोदिया, डॉ. मनोजकुमार पंचोली, पूर्व जिला पंचायत सदस्य कमल मालवीय, डीपीसी धीरज बिरथरिया, जिला मंत्री उमेश टेलर, पार्षद सतीश राठौर, अजयसिंह चंदेल आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन समिति सचिव अनिल मालवीय ने किया।

एक नजर में — मप्र जन अभियान परिषद के तत्वावधान में किया आयोजन

आदर्श ग्राम टिगरिया में मनाई बाबा साहेब की जयंती

शाजापुर। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद सेक्टर मोहन बड़ोदिया के नेतृत्व में भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर आदर्श ग्राम टिगरिया में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में परिषद के सदस्यों, गणमान्य अतिथियों और समाज कार्य के विद्यार्थियों ने बाबा साहेब के जीवन मूल्यों पर प्रकाश डाला।

मुख्य अतिथि के रूप में जिला समन्वयक विष्णु प्रसाद नागर उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में जिला किसान संघ उपाध्यक्ष दिनेश कुमार कलमोदिया एवं नवभारत संवाददाता नरेंद्र भाटी शामिल हुए। सर्वप्रथम मां सरस्वती एवं संविधान निर्माण डॉ. भीमराव आम्बेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

संगोष्ठी के दौरान उपस्थित वक्ताओं ने बाबा साहेब के योगदान को याद करते हुए अपने विचार व्यक्त किए। जिला समन्वयक विष्णु प्रसाद नागर ने कहा कि बाबा साहेब ने समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को सशक्त बनाने का मार्ग प्रशस्त किया। उनके द्वारा रचित संविधान ही आज देश की एकता और समानता का आधार है। उन्होंने बाबा साहेब को किसानों और श्रमिकों का मसीहा बताया। उन्होंने कहा कि आंबेडकर जी का विजन केवल सामाजिक सुधार तक सीमित नहीं था, बल्कि वे आर्थिक न्याय के भी प्रबल पक्षधर थे। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहेब का नारा शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो आज के युग में भी उतना ही प्रासंगिक है।

संचालन परामर्शदाता महेश सिसोदिया ने किया। आभार परामर्शदाता जितेन्द्र राजपूत ने व्यक्त किया। परामर्शदाता कामिनी शर्मा, नवांकुर संस्था टिगरिया के प्रतिनिधि रामकिशन राजपूत, जितेंद्र जमलाय, अशोक बैरागी, सोना राजपूत, रामराज पुरबिया सहित एमएसडब्ल्यू और बीएसडब्ल्यू के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे, जिन्होंने सामाजिक उत्थान के कार्यों में सहभागिता करने का संकल्प लिया।

विद्यार्थियों को कराया गौशाला का भ्रमण

आयोजित कार्यक्रम के बाद सभी विद्यार्थियों को ग्राम टिगरिया स्थित गौशाला का भ्रमण कराया गया। इसके बाद गौशाला के समीप स्थित पुस्तकालय का भ्रमण कर यहां मौजूद पुस्तकों की जानकारी प्राप्त की।

सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई पूरी घटना, राधे-राधे नगर में देर रात महिला ने तोड़े कार के कांच

शाजापुर। जिला मुख्यालय स्थित ज्योति नगर के राधे-राधे चौराहे पर रविवार सोमवार की रात एक महिला ने खड़ी कार में तोड़फोड़ की। इस घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, जिसमें महिला पत्थर से कार के शीशे तोड़ती दिख रही है। पुलिस ने मामला जांच में लिया है।

जानकारी के अनुसार फुटेज के अनुसार महिला ने पहले कार के सामने वाले हिस्से को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की। सफल न होने पर उसने साइड के शीशे को तोड़ने का प्रयास किया। इसके बाद महिला ने कार के पिछले शीशे पर पत्थर मारकर उसे क्षतिग्रस्त कर दिया। कार मालिक ज्योति नगर निवासी नीरज कुमार मालवीय ने लालघाटी थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि 12 अप्रैल की रात वे शादी से लौटकर कार पार्क कर रहे थे तभी एक नशे में धुत व्यक्ति ने उनकी कार को नुकसान पहुंचाया और गाली गलौज की थी। फरियादी के अनुसार उसी व्यक्ति की पत्नी ने रात में आकर उनकी कार में तोड़फोड़ की। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर जांच कर रही है।

उपनाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम विवाह के पूर्व गायत्री वर्मा पिता श्री जगन्नाथ वर्मा समस्त शैक्षणिक दस्तावेज में अंकित है. यह कि 28 जनवरी 2012 को मेरा विवाह श्री महेंद्र कुमार रावल से होने से अब मेरे अन्य शासकीय दस्तावेज जैसे - आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं बैंक अकाउंट में मेरा नाम गायत्री रावल पति महेंद्र कुमार रावल दर्ज हो गया है एवं अब इसी नाम से जानी पहचानी जाने लगी हूं, यह कि विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन से मेरे द्वारा मानव विकास संकाय में गृह विज्ञान विषय अंतर्गत शोध कार्य किया गया था तथा विक्रम विश्वविद्यालय द्वारा जारी नोटिफिकेशन दिनांक 16 जून 2014 को पीएचडी उपाधि प्राप्त करने उपरांत अब मेरा नाम डॉक्टर गायत्री रावल पति महेंद्र कुमार रावल हो गया है.